किसान के तीन बेटे

चैंटल मारोलेस

किसान के तीन बेटे

चैंटल मारोलेस

जब तीनों बेटे बड़े हो गए, तो उनके पिता, फ्रैंक ने सोचा, "शायद बेटे मेरे जैसे किसान नहीं बनना चाहते हों. उन्हें खुद पता करना चाहिए कि वे क्या करना चाहते हैं."

उसके तुरंत बाद उन्होंने सबसे बड़े बेटे गैरी को बुलाया और कहा, "गैरी, मेरी बात सुनो. अब तुम्हारा स्कूल खत्म हो गया है. मैं तुम्हें दुनिया की सैर करने के लिए एक साल की छुट्टी दे रहा हूं. मैं देखूँगा कि तुम क्या बनना चाहते हो."

गैरी चिल्लाया, "क्या बात है! एक साल की छुट्टी! कितनी अच्छी बात है, मैं तुरंत जाऊंगा!"

उसकी माँ ने उससे कहा, "रुको, मैंने तुम्हारे लिए कपड़े के दो मजबूत थैले बनाए हैं. एक में मैंने एक बनियान, एक कमीज, और कुछ मोज़े और दूसरे में एक डबलरोटी, पनीर और जैम रखा है. एक साल बाद जब तुम वापस आओ तो दो थैले अपने साथ वापस लाना क्योंकि मैंने उन्हें बनाने में बहुत मेहनत की है.''

गैरी ने कहा, "ज़रूर. अलविदा माँ, पिताजी और मेरे दो भाई!"

गैरी तुरन्त निकल गया. एक थैला उसके दाहिने कंधे पर, और दूसरा उसके बाईं ओर. गैरी ने पहले कभी इतना खुश महसूस नहीं किया था. अब उसे गेहूँ अधिक पीला, घास ज़्यादा हरी, और आकाश पहले से कहीं अधिक नीला लग रहा था. लेकिन दो दिन बाद उसका सारा खाना ख़त्म हो गया. अब गैरी भूखा था. फिर उसने अपने आप से कहा, "देखो, गर्मी का मौसम है और गर्मी भी बहुत तेज़ है. मैं कुछ केक खरीदने के लिए अपनी बनियान बेच दूंगा."

दो सप्ताह तक गैरी ने क्रीम रोल खाए. फिर उसने अपनी कमीज़, अपने मोज़े और अपने थैले भी बेच दिए.

जब उसका सब कुछ बिक गया, तो उसने कुछ काम करने का फैसला किया, लेकिन उसने खेतों पर काम नहीं किया. अरे नहीं! खेती का काम बहुत मेहनत का काम था.

गैरी एक सराय में गया और उसने ग्राहकों का मन बहलाने के लिए ने अपनी सुरीली और बुलंद आवाज़ में गीत गाए.

क्योंकि उसने बहुत अच्छा गाया था और वो एक अच्छा लड़का था, इसलिए उसे तमाम शादियों और पार्टियों में आमंत्रित किया गया.

गैरी को उसमें इतना मज़ा आया कि उसे समय बीतने का पता ही नहीं चला.

एक दिन, हालांकि, गैरी ने देखा कि उसकी शर्ट छेदों से भरी हुई थी और उसके मोज़े के सिर्फ कुछ धागे ही बाकी बचे थे.

तब गैरी ने अपने आप से कहा, "अब घर वापस जाने का समय आ गया है, इसके अलावा, मुझे घर छोड़े हुए भी लगभग एक साल हो गया है."

जब वो घर के पास पहुंचा, तो उसकी माँ उससे मिलने के लिए दौड़ी हुई आयीं.

"गैरी, मेरे लड़के, तुम कितने फटे कपड़े पहने हो! और किसी ने तुम्हारे मजबूत थैले भी चुरा लिए हैं!"

गैरी ज़ोर हँसा, "नहीं, माँ, मैंने थैले बेच दिए थे."

"काश आपको पता होता कि मेरा कितना अच्छा समय बीता! मैं जहां भी जाता लोग मुझ से गीत गाने की फरमाइश करते. सुनो! मैंने एक भी गीत लिखा है. मैं उसे आपको सुनाऊँगा."

लेकिन तभी उसके पिता बड़बड़ाए, "तुम गीत बाद में गाना, अभी हमें घास सुखानी है."

उस रात बिस्तर पर, फ्रैंक ने अपनी पत्नी से कहा, "हमारा गैरी निश्चित रूप से एक अच्छा गायक है, वो किसान नहीं बनना चाहता है. कल, मैं ग्रेग को दुनिया का भ्रमण करने के लिए एक साल के लिए भेजूंगा. फिर हम देखेंगे कि वो क्या करता है."

जब माँ ने ग्रेग को उसके दो थैले दिए, तो उसने उन्हें देखा और कहा, "वे गैरी के थैलों से छोटे हैं, आप मेरे लिए एक तीसरा थैला भी बनाएं."

उसकी माँ ने एक आह भरी, लेकिन उन्होंने उसे तीसरा थैला बनाकर दिया.

ग्रेग ने चकित होकर कहा, "लेकिन यह थैला तो बिलकुल खाली है!"

"अच्छा, ग्रेग!" उसकी माँ ने कहा, "तुम हमेशा दूसरों से अधिक चाहते हो. ठीक है, तुम कुछ काजू-बादाम लेते जाओ."

ग्रेग तुरंत घर से चल दिया, एक थैला उसके बाएं कंधे पर, दूसरा उसके दाहिने कंधे पर और तीसरा उसके गले में लटका हुआ था.

किसी शहर में प्रवेश करने से पहले, ग्रेग फूल तोड़कर उनके गुलदस्ते बनाता था और अपनी गुलेल से चिड़िये मारता था.

फिर वो उन्हें बेंच और उन पैसों से उसने अपने लिए एक चौथा थैला खरीदा.

सड़क पर दस दिनों के बाद, ग्रेग ने चिड़ियों, कपड़े, केक, खिलौने और औजारों से भरे अपने सभी नए थैलों को ढोने के लिए एक व्हील-बैरो भी खरीदा.

जैसे ही वो किसी शहर में पहुँचता, सभी महिलाएँ दौड़ी हुई आतीं, "क्या आपके पास सुई-धागा? किताब है? हुक है? झाड़ू है?"

और हाँ, बिल्कुल! ग्रेग अपने पास वो सब सामान रखता था!

ग्रेग ने सब कुछ सामान अपनी पच्चीस बोरियों में रखा और उन्हें उसने अपनी गाड़ी में लादा. उसके बचे दो थैले उसका गधा ढोता था. ग्रेग इतना व्यस्त रहा कि उसे समय बीतने का पता ही नहीं चला. अपने माता-पिता को छोड़े हुए उसका एक साल चुटकी बजाते हुए बीत गया.

उसकी माँ चिल्लाई, "देखो हमारा ग्रेग वापिस आया है! फ्रैंक, हमारा बेटा वापस आया है! ज़रा उसके सभी थैलों को देखो, निश्चित रूप से उसके पास वो फावड़ा भी होगा जिसकी तुम्हें ज़रुरत है."

ग्रेग ने कहा, "ज़रूर, मेरे पास फावड़ा है पर उसकी कीमत छह डॉलर होगी."

उसके पिता फ्रैंक ने बड़बड़ाते हुए कहा, "छह डॉलर? चलो आज रात के खाने में तुम्हारा उतना ही खर्च आएगा. लेकिन पहले यहाँ आओ और गायों को दुहने में मेरी मदद करो."

उस रात बिस्तर पर, फ्रैंक ने अपनी पत्नी से कहा, "हमारा ग्रेग एक अच्छा व्यापारी बन गया है, चलो अच्छा ही हुआ कि वो किसान नहीं बना. कल, जॉर्ज दुनिया का भ्रमण करने के लिए निकलेगा और फिर हम देखेंगे."

और अगले दिन, जॉर्ज घर छोड़कर चला. एक थैला उसके बाएं कंधे पर, दूसरा उसके दाहिनी कंधे पर.

वो एक अच्छा दिन था और चलते समय जॉर्ज सीटी बजा रहा था.

जल्द ही वह एक किसान से मिला, जिसने उससे कहा, "तुम काफी भाग्यशाली हो लड़के, कि तुम्हारे पास टहलने का समय है. मुझे तो दोपहर का भोजन करने का भी समय नहीं मिलता है क्योंकि उस समय मुझे खेत जोतना होता है."

जॉर्ज ने कहा, "मेरे पास दो लोगों के खाने के लिए पर्याप्त भोजन है, हम उसे आपस में बाँट सकते हैं. फिर मैं आपकी मदद करूंगा. इस तरह मैं किसानी का काम भी सीख लूंगा."

जब उनका खाना ख़त्म हुआ तो किसान जॉर्ज को अपने घर ले गया और उसने उसका खाली थैला डबलरोटी और मांस से भर दिया.

फिर जॉर्ज आगे चला. शाम के समय उसे मदद के लिए किसी के रोने की आवाज़ सुनाई दी. वो एक बूढ़ा आदमी था जो एक गड्ढे में फिसलकर गिर गया था.

जॉर्ज ने तुरंत उसे बाहर निकाला और अपने थैले के कपड़े उसे पहनने को दिए. जार्ज ने कहा, "अगर आपने कपड़े नहीं बदले तो आपको ठंड लग जाएगी."

किसान ने कपड़े बदलने के बाद जॉर्ज से कहा,

"अगर मैं बीमार हो जाता हूं, तो वो कोई बड़ी बात नहीं होगी, क्योंकि मैं जड़ी-बूटियों से खुद को ठीक करना जानता हूँ. अगर तुम चाहो तो मैं तुम्हें जड़ी-बूटियों को पहचानना और उनसे दवाइयां बनाना सिखा सकता हूं. फिर उन दवाइयों से हम तुम्हारा थैला भर सकते हैं."

जॉर्ज के दिन इसी तरह बीतते गए. वो हमेशा लोगों को देता था और लोग भी उसे देते थे. इसलिए उसका एक थैला हमेशा खाली रहता था और दूसरा हमेशा भरा होता था.

जार्ज ने इतनी सारी चीजें सीखीं कि जल्दी ही एक साल बीत गया. और, ज़ाहिर था जब वह घर पहुंचा तो उसके थैले सभी के लिए उपहारों से भरे थे.

तब फ्रैंक अपनी पत्नी से कहा:

"देखो प्रिय! हम कितने भाग्यशाली हैं कि हमारे तीन अच्छे बेटे हैं - गैरी की जेब हमेशा खाली रहती है, लेकिन उसका दिल हमेशा गीतों से भरा होता है. एक दिन वो जरूर एक महान गायक बनेगा.

ग्रेग हमेशा बहुत व्यस्त रहता है, वो आलसी नहीं है और वो एक सफल व्यापारी बनेगा.

और अब जॉर्ज को देखो. वो एक अच्छे तैयार खेत की तरह है. वो हमेशा लेने के लिए तैयार रहता है और देने के लिए भी और इसका मतलब है कि वो एक सच्चा किसान बनेगा!"

समाप्त